महंत बालकनाथ ने दीपावली व गोवर्धन पर्व पर ग्रामीणों के बीच पहुंचकर त्योहार मनाया

अलवर। तिजारा विधायक महंत बालकनाथ योगी का जनसंपर्क व लगातार जन सुनवाई लोगों के बीच चर्चा बनने लगी है। वे हर माह निर्धारित समय पर जनसुनवाई कर आमजन से मिलते हैं और उनकी समस्याएं सुनते हैं। अब दीपावली और गोवर्धन पर्व के अवसर पर उन्होंने एक बार फिर गांवों का रुख कर ग्रामीणों के बीच पहुंचकर त्योहारों की खुशियां साझा कीं।



तिजारा विधायक महंत बालकनाथ का ग्रामीणों ने स्वागत सम्मान किया।

विधायक बालकनाथ योगी ने तिजारा विधानसभा क्षेत्र के करीब 20 गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से दीपावली और गोवर्धन पर्व की राम-राम की। इस दौरान उन्होंने नौगावां गौशाला, पावटी, रंभाना, नानगहेडी, चावण्डी, जगमलहेड्डी, भामड़ाका, खिदरपुर और गोतोली सहित विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। अलग-अलग ग्राम सभाओं में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और महिलाओं सहित गांव के लोगों से आत्मीय संवाद किया।

बालकनाथ योगी की ओर से नियमित जनसुनवाई के जरिए लोगों को अपनी बात सीधे विधायक तक पहुंचाने का अवसर दिया जाता है। जनसुनवाई में क्षेत्रवासी अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। वहीं गांवों के दौरों के दौरान स्थानीय जरूरतों, विकास कार्यों और जनसमस्याओं को समझने का अवसर मिलता है। जनप्रतिनिधि की इस तरह की सक्रियता से जनता और जनप्रतिनिधि के बीच संवाद का रास्ता बना रहता है। त्योहारों के अवसर पर गांवों में पहुंचना भी इसी जनसंपर्क का हिस्सा माना जा रहा है।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि दीपावली और गोवर्धन जैसे त्योहार समाज में आपसी प्रेम, सहयोग और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का संदेश देते हैं। इन पर्वों का वास्तविक उद्देश्य खुशियां बांटना और एक-दूसरे के साथ मिलकर आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जाति और पंथ से ऊपर उठकर सभी वर्गों के हित में काम करने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने ग्रामीणों से आगामी पंचायत चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि गांवों में भाजपा की

- **दीपावली-गोवर्धन पर करीब 20 गांवों में पहुंचे तिजारा विधायक बालकनाथ योगी, ग्रामीणों से की राम-राम; पंचायत चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन की अपील**

सरकार बनने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संचालित ग्रामीण विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में ग्रामीणों की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है।

विधायक ने बताया कि उनका जनसंपर्क अभियान आगे भी जारी रहेगा। 11 नवंबर को वे तिजारा विधानसभा क्षेत्र के कमालपुर, लाड़मका, मिरचूनी और भुसारी सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करेंगे।

दीपावली पर्व पर दुकान के ऊपर बने स्टोर में लगी भीषण आग

भरतपुर। भरतपुर में दीपावली के पावन त्यौहार पर देर रात्रि को कोतवाली थाना क्षेत्र में दुकान के ऊपर बने हुए स्टोर में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई आग

- **दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया**

लगने की सूचना पर नगर निगम की फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची तीन गाड़ियों ने 6 चक्कर लगाकर आग पर काबू पाया। फायरमेन नीरज कुंतल ने बताया कि देर रात्रि को कंट्रोल रूम के जरिए सूचना मिली कि कोतवाली थाना अंतर्गत के पास स्थित न्यू पूजा इलेक्ट्रिकल की दुकान है और उसके ऊपर की स्टोर में आग लग गई है यह सूचना पर मौके पर पहुंचे दुकान के अंदर कबाड़ सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान रखे हुए थे जिसमें शॉर्ट सर्किट से आग लगना बताया तत्काल मौके पर पहुंचकर ऊपर जाने का रास्ता नहीं था तो दीवार में होल किए गए सरियाओं से और उसके बाद उसमें पानी का पाइप अंदर डालकर आग को बुझाने का कार्य किया गया। दुकान डबल स्टोर की थी इसलिए बहुत परेशानी हुई आग को बुझाने में इस दौरान नगर निगम की पूरी फायर टीम मौके पर पहुंची हुई थी।

दीपावली पर्व पर घर-घर जगमगाए दीप, आतिशबाजी

पावटा। क्षेत्र में रोशनी, उल्लास और उत्साह का महापर्व दीपावली परंपरागत श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। दीपोत्सव को लेकर सुबह से ही लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। घरों, प्रतिष्ठानों और बाजारों को आकर्षक रोशनी, रंग-बिरंगी झालरों एवं दीपों से सजाया गया। शाम होते ही पूरा क्षेत्र दीपों की रोशनी से जगमगा उठा और चारों ओर दीपावली की रौनक नजर आने लगी।

- **खुशियों के बीच धूमधाम से मनाया रोशनी का त्योहार**
- **बाजारों से लेकर घरों तक दिखा दीपोत्सव का उल्लास, लक्ष्मी-गणेश की पूजा कर परिवारों ने सुख-समृद्धि की कामना की**
- **गोवर्धन पूजा पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, अन्नकूट प्रसादी का वितरण**

दीपावली के अवसर पर लोगों ने अपने घरों की साफ-सफाई कर आकर्षक रंगोली बनाई तथा मुख्य द्वार पर दीपक जलाकर मां लक्ष्मी के स्वागत की तैयारियां कीं। शुभ मुहूर्त में परिवारों ने विधि-विधान से भगवान गणेश एवं मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि, खुशहाली और परिवार की उन्नित की कामना की। पूजा के बाद लोगों ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

त्योहार को लेकर बाजारों में भी विशेष रौनक देखने को मिली। मिठाई, सजावटी सामान, पूजा सामग्री, दीपक, मोमबत्ती और इलेक्ट्रॉनिक झालरों की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में त्योहार को लेकर उत्साह दिखाई दिया। बाजारों में खरीदारी के साथ ही लोगों ने अपने परिचितों, रिश्तेदारों और मित्रों के घर पहुंचकर दीपावली की बधाइयां दीं। रात्रि के समय आतिशबाजी और पटाखों की गूंज से आसमान रोशन हो उठा। बच्चों ने उत्साह के साथ फुलझड़ियां और अनार जलाकर पर्व का आनंद लिया। वहीं युवाओं और परिवारों ने एक साथ दीपावली मनाकर खुशियों के पल साझा किए। सोशल मीडिया पर भी शुभकामना संदेशों और दीपावली की तस्वीरों का सिलसिला चलता रहा। क्षेत्र में कई स्थानों पर घरों के बाहर आकर्षक विद्युत सजावट की गई, जिससे गलियां और मोहल्ले रोशनी से सराबोर नजर आए। लोगों ने जरूरतमंदों को मिठाई एवं उपहार वितरित कर पर्व की खुशियां साझा कीं।

दीपावली का पर्व एक बार फिर आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक एकता का संदेश दे गया। दीपों की जगमगाहट के बीच लोगों ने बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की जीत के इस पावन पर्व को पूरे उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया। वही क्षेत्र में गोवर्धन पूजा का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा भरतदास बगीची टोरडा धाम, पावटा प्राचीन मंदिर गोपाल भैया मंदिर, बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर, लक्ष्मी नारायण नरसिंह मंदिर, मुरलीधर मंदिर, केशव सागर धर्मशाला ठाकुर जी का मंदिर, सीताराम मंदिर, राठी वाला मंदिर, मोदी मंदिर, श्याम मंदिर, विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के बाद अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। भगवान को 56 पकवानों का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को अन्नकूट प्रसादी वितरित की गई। प्रसादी ठाहण करने के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल और भक्ति की छटा देखने को मिली।

भगवान महावीर का मोक्ष कल्याणक मनाया

अलवर। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का मोक्ष कल्याणक 9 नवंबर को शहरभर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अलवर के विभिन्न जैन मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। मंदिरों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया तथा सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। जैन धर्मावलंबियों ने भगवान महावीर की पूजा-अर्चना कर निर्वाण लाडू अर्पित किया। स्कीम नंबर 10 स्थित जैन मंदिर में मुनि सौम्य सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा एवं नित्य नियम पूजन के बाद भगवान महावीर के चरणों में निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इसी प्रकार जयपुर रोड स्थित अहिंसा स्थल दिगंबर जैन मंदिर में विराजमान मुनि अभिनंदन सागर महाराज तथा शिवाजी पार्क स्थित श्री संभव नाथ दिगंबर जैन मंदिर में विराजमान मुनि सुभद्र सागर महाराज के सान्निध्य में भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। यहां भी श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर की आराधना कर निर्वाण लाडू अर्पित किया। इस अवसर पर जैन भवन में आयोजित धर्मसभा में मुनि सौम्य सागर महाराज ने भगवान महावीर के जन्म कल्याणक से लेकर मोक्ष कल्याणक तक के प्रसंगों पर प्रकाश डाला।

जगन्नाथपुरी सांगानेर में श्रद्धा के साथ गोवर्धन पूजा की



गोवर्धन पूजा के साथ अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन किया ।

जयपुर। सांगानेर स्थित जगन्नाथपुरी, काली का खाना में गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन किया गया।इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार गोवर्धन भगवान की पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा कर गोवर्धन भगवान को भोग अर्पित किया।जगन्नाथपुरी काली का खाना विकास समिति के अध्यक्ष अक्षय यादव ने बताया कि गोवर्धन पूजा हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण पर्व है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता की भावना मजबूत होती है।कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर

- **गोवर्धन पूजा धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण पर्व है**

अन्नकूट महाप्रसादी ठाहण की। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण रहा।इस दौरान कोषाध्यक्ष रामावतार शर्मा श्याम बाबू यादव विष्णु यादव रमेश चंद कुमावत रतन सिंह राजावत पवन अठावाल नकुल छीपा अशोक शर्मा गणेश कुमावत राजेन्द्र छीपा विष्णु गोठरवाल बिट्टू कुमावत किशोरी लाल शर्मा सुनीता यादव अंजली यादव लक्ष्मी शर्मा हेमलता यादव सुशीला कुमावत हँसा देवी सोनिका छीपा सहित बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

निर्माण लाडू चढ़ाया

निवाई। सकल दिगम्बर चढ़ाया निर्वाण जैन समाज के तत्वावधान में भगवान महावीर निर्वाण कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कुन्दन मल, तेजपाल जैन, दीपक जैन, संजय जैन, आदित्य, आदिश एवं अनय कठमाणा परिवार ने भगवान महावीर के निर्वाण लाडू चढ़ाया। चातुर्मास कमेटी के मीडिया प्रभारी सुनील भाणजा व विमल जौला ने बताया कि आचार्य सुन्दर सागर महाराज संघ के सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

श्रद्धा व भक्ति के साथ हुआ पिच्छिका परिवर्तन समारोह

अलवर। शहर के स्कीम नंबर 10 स्थित जैन मंदिर में चातुर्मास पर विराजमान मुनि सौम्य सागर महाराज एवं मुनि निश्चल सागर महाराज का पिच्छिका परिवर्तन समारोह भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिवाजी पार्क स्थित श्री संभव नाथ दिगंबर जैन मंदिर में चातुर्मास कर रहे मुनि सुभद्र सागर महाराज का भी सान्निध्य प्राप्त हुआ।

- **मुनि सौम्य सागर, मुनि निश्चल सागर और बालाचार्य अभिनंदन सागर महाराज की पिच्छिका बदली, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद**

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण के साथ हुई। इसके बाद गुरु पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न महिला मंडलों एवं जैन संगठनों के पदाधिकारियों ने भक्तिभाव से अर्घ्य अर्पित कर गुरु पूजा की। समारोह में श्रद्धालुओं ने मुनि सौम्य सागर महाराज एवं मुनि निश्चल सागर महाराज को नई पिच्छिका भेंट की तथा उनकी पुरानी पिच्छिका प्राप्त करने का सौभाग्य हासिल किया। अपने मंगल प्रवचन में मुनि सौम्य सागर महाराज ने पिच्छिका परिवर्तन की धार्मिक महत्ता बताते हुए कहा कि दिगंबर जैन संत के पास रहने वाली पिच्छिका का परिवर्तन होने पर पुरानी पिच्छिका ऐसे श्रद्धालु को प्रदान की जाती है, जो संयम के मार्ग पर चलने के लिए संकल्पित होता है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में उनका यह पहला चातुर्मास है। समारोह में अलवर सहित अन्य स्थानों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान समाज के श्रेष्ठीजनों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में खेडली नगर पालिका अध्यक्ष पवन जैन चौधरी एवं अलवर नगर परिषद के पूर्व सभापति अजय अग्रवाल ने भी शिरकत कर मुनियों का आशीर्वाद लिया। समारोह में दीप प्रज्ज्वलन, चित्र अनावरण सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। इधर, अलवर-जयपुर रोड स्थित अहिंसा स्थल दिगंबर जैन मंदिर में चातुर्मास पर विराजमान बालाचार्य मुनि अभिनंदन सागर महाराज का भी पिच्छिका परिवर्तन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने उन्हें नई पिच्छिका भेंट की तथा पुरानी पिच्छिका प्राप्त की। अहिंसा स्थल के प्रबंधक बच्चू सिंह जैन ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

नेक कमाई के कन्यादान अभियान से प्रभावित हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल

अलवर। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन मेघवाल मंगलवार को अलवर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मनुमार्ग स्थित वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व संघ प्रचारक दौलतराम हजरती के निवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया। मुलाकात के दौरान उन्होंने हजरती के जीवन संघर्ष, सामाजिक योगदान और नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से संचालित सेवा प्रकल्पों की जानकारी ली।



केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन मेघवाल का अलवर में स्वागत सम्मान किया।

इस अवसर पर नेक कमाई फाउंडेशन के संरक्षक दौलतराम हजरती, मुख्य कोऑर्डिनेटर अभिषेक तनेजा और फाउंडर ललित बेनीवाल ने संस्था के विभिन्न सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। इनमें जरूरतमंद बेटियों का सम्मानपूर्वक कन्यादान, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण तथा समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयास प्रमुख रहे। नेक कमाई फाउंडेशन के कन्यादान अभियान और महिला सशक्तिकरण के प्रयासों से प्रभावित अर्जुन मेघवाल ने कहा कि अलवर आकर उन्हें संस्था के सेवा कार्यों को करीब से जानने का अवसर मिला है। जरूरतमंद बेटियों के विवाह में सहयोग और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास प्रेरणादायी हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि इन सेवा कार्यों की जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाएंगे, ताकि ऐसे प्रयासों को देशभर में पहचान मिल सके। उन्होंने राजस्थान में हो रहे इन कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता भी जताई।

- **दौलतराम हजरती के निवास पर पहुंचे, किया सम्मानित; बोले- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाएंगे संस्था के सेवा कार्यों की जानकारी**

मुलाकात के दौरान दौलतराम हजरती ने लालकृष्ण आडवाणी के अलवर प्रवास से जुड़ा एक पुराना संस्मरण भी साझा किया, जिसे मेघवाल ने रुचि के साथ सुना। भाजपा नेता नरेश गोयल ने भी संस्था के सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी।

खास बात यह रही कि केंद्रीय मंत्री एक घंटे से अधिक समय तक हजरती के निवास पर रुके और उनके परिजनों से भी आत्मीय बातचीत की। उल्लेखनीय है कि अर्जुन मेघवाल और दौलतराम हजरती उद्योग विभाग में साथ काम कर चुके हैं। इसी पुराने संबंध के चलते मुलाकात के दौरान कई पुरानी यादें भी ताजा हुईं।

दौलतराम हजरती ने केंद्रीय मंत्री के आगमन और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में अभिषेक तनेजा ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। केंद्रीय मंत्री ने जसवंत यादव के आवास पर पहुंचकर चित्र पर पुष्प अर्पित किए, शोक संतप्त परिजनों को बंधाया ढांढस

अलवर। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा मंगलवार को दिवंगत बहरोड़ विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. जसवंत सिंह यादव के अलवर स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने डॉ. यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देकर ढांढस बंधाया।

इस दौरान दोनों मंत्रियों ने कहा कि अलवर और राजस्थान के चहुंमुखी विकास में डॉ. जसवंत सिंह यादव का अमूल्य योगदान रहा है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका सामाजिक और राजनीतिक जीवन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण रहा। इस अवसर पर विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड और कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने भी दिवंगत डॉ. जसवंत सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

धार्मिक स्थल के समीप गंदगी फैलाने पर उठे सवाल

पावटा। प्राचीन गोपाल भैया मंदिर के पीछे स्थित डंपिंग यार्ड में सेप्टी टैंक खाली किए जाने का मामला सामने आने के बाद गौ रक्षकों एवं श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। धार्मिक आस्था से जुड़े प्राचीन मंदिर के पीछे इस प्रकार से सेप्टी टैंक का गंदा पानी खाली किए जाने को लेकर लोगों ने नाराजगी जताते हुए संबंधित जिम्मेदारों के प्रति रोष व्यक्त किया है। गौ रक्षकों एवं श्रद्धालुओं का कहना है कि प्राचीन गोपाल भैया मंदिर क्षेत्र के लोगों की गहरी आस्था का केंद्र है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। ऐसे धार्मिक स्थल के पीछे स्थित डंपिंग यार्ड में सेप्टी टैंक खाली करने से आसपास गंदगी और दुर्गंध फैलने की आशंका है। इससे न केवल श्रद्धालुओं को परेशानी हो सकती है, बल्कि आसपास के वातावरण एवं स्वच्छता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

मामले को लेकर गौ रक्षकों एवं श्रद्धालुओं ने कड़ा विरोध जताते हुए सवाल उठाया कि आखिर धार्मिक स्थल के इतने नजदीक इस तरह गंदगी फैलाने की अनुमति कैसे दी जा रही है।

सार-समाचार

स्कूल से हासिल किए संस्कार जीवनभर व्यक्ति का पथ प्रदर्शन करते हैं : गौतम



किशनगढ़ बास। आदर्श शिक्षा समिति अलवर द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, किशनगढ़ बास में पूर्व छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 40 से 50 पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लंबे समय बाद विद्यालय परिसर में एकत्रित हुए पूर्व छात्रों ने अपने पुराने संस्मरण साझा किए तथा विद्यालय से जुडी यादों को ताजा किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कमलेश गौतम, जिला सचिव, आदर्श शिक्षा समिति अलवर ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय से प्राप्त शिक्षा, संस्कार एवं मार्गदर्शन जीवनभर व्यक्ति का पथ प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने सभी पूर्व छात्रों से राष्ट्र निर्माण, सामाजिक उत्थान एवं शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने का आठाह किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष सतीश महावर ने की। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्य हरमेश खुराना, अनिल खुराना, हीरालाल शास्त्री, डॉ. निशांत गौड सहित गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण पूर्व छात्र परिषद का गठन रहा। विद्यालय के पूर्व छात्रों को संगठित करने तथा विद्यालय के विकास एवं सामाजिक गतिविधियों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिषद का गठन किया गया। इसमें संयोजक के रूप में रविन्द्र कुमार रतन को दायित्व सौंपा गया। वहीं सह-संयोजक के रूप में डॉ. निशांत गौड, अपूर्व तिवाडी, मोहित, नीरज एवं सुरेन्द्र को नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त परिषद में पांच सदस्यों को भी शामिल किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष सिंह नरूका सहित समस्त आचार्य एवं स्टाफ सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में सभी पूर्व छात्रों ने विद्यालय के साथ निरंतर जुड़े रहने, आपसी समन्वय बनाए रखने तथा विद्यालय, समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

नीलगायों की प्राण रक्षा के लिए जैन श्रद्धालु ने रखा तीन दिन का उपवास

अलवर। भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण महोत्सव पर अहिंसा और जीवदया का संदेश देते हुए जैन स्थानक महावीर भवन में श्रद्धालुओं ने नीलगायों की प्राण रक्षा के लिए विशेष धार्मिक साधना की। श्रद्धालु संजय भारद्वाज ने नीलगायों को जीवनदान देने की प्रार्थना के साथ लगातार तीन दिन तक तेला-पोषध का उपवास किया। वहीं अन्य श्रद्धालुओं ने भी एक दिन का उपवास, आयंबिल, एकासना और पोषध की साधना कर अरिहंत परमात्मा से वन्यजीवों की रक्षा और शासन-प्रशासन को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। इस अवसर पर जैन स्थानक में चातुर्मास कर रहीं जैन महासाध्वी श्री हर्षिता जी महाराज ने नीलगायों के जीवन पर मंडरा रहे संकट को लेकर गहरी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संसार में दया, करुणा और अहिंसा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। गौ माता की तरह नीलगाय भी प्रकृति का एक निरीह जीव है और उसे भी इस धरती पर जीने का पूरा अधिकार है। मनुष्य को प्रत्येक जीव के प्रति करुणा का भाव रखना चाहिए। जीवों पर दया करके ही हम अपना भव सुधार सकते हैं । उल्लेखनीय है कि राजस्थान में फसलों को नुकसान पहुंचाने वाली नीलगाय के संबंध में विशेष परिस्थितियों में नियंत्रित कार्रवाई की अनुमति देने के कानूनी प्रावधान मौजूद हैं। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत जारी अधिसूचनाओं के अनुसार अधिकृत अधिकारी की अनुमति और निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही कार्रवाई की जा सकती है। यह नीलगाय को मारने की सामान्य या स्वत: मिलने वाली अनुमति नहीं है। इसी व्यवस्था को लेकर जीवदया प्रेमियों और जैन समाज के श्रद्धालुओं में चिंता है। उनका मानना है कि फसलों की सुरक्षा के साथ वन्यजीवों के जीवन की रक्षा के लिए भी मानवीय और अहिंसक विकल्पों पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। भगवान महावीर ने समस्त जीवों के प्रति मैत्री, करुणा और अहिंसा का संदेश दिया था। श्रद्धालुओं की यह साधना उसी संदेश को जीवन में उतारने और नीलगायों सहित सभी मूक प्राणियों के संरक्षण के प्रति समाज में संवेदनशीलता जगाने का प्रयास रही।

प्रो. आशुतोष पारीक की टीम को बड़ी सफलता

निवाई। विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में स्थान हासिल करने वाले वनस्थली विद्यापीठ के फार्मेसी विभाग में कार्यरत प्रोफेसर आशुतोष पारीक ने शोध के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनकी शोध टीम द्वारा करीब आठ वर्षों के निरंतर अनुसंधान के बाद वनस्थली में विकसित नई पल्मोनरी ड्रग डिलीवरी तकनीक को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय से भारतीय पेटेंट प्राप्त हुआ है। यह तकनीक अस्थमा व अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों के उपचार को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में विकसित की गई है। इसके शुरुआती प्रायोगिक परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। इस शोध को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत संचालित निधि प्रयास कार्यक्रम से वित्तीय सहयोग भी प्राप्त हुआ है। प्रो. पारीक ने बताया कि पेटेंट मिलने के बाद अब इस तकनीक को मानवों में नैदानिक परीक्षण, औद्योगिक स्तर पर उत्पाद विकास, उद्योगों के साथ सहयोग एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की दिशा में आगे बढ़ाया जा सकता है। यह शोध को प्रयोगशाला से निकालकर वास्तविक स्वास्थ्य उत्पाद के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने बताया कि करीब आठ वर्षों की मेहनत के बाद मिली यह सफलता पूरी शोध टीम के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। इससे भविष्य में श्वसन रोगों के उपचार के लिए नई तकनीक विकसित करने की संभावनाएं मजबूत हुई हैं।

भगवान विश्वकर्मा मंदिर में अन्नकूट महोत्सव मनाया

निवाई। भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा एवं विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल जांगिड एवं विकास समिति अध्यक्ष राधेश्याम जांगिड की अध्यक्षता में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रेमप्रकाश खंडवा ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव में समाज बंधुओं ने भगवान विश्वकर्मा जी की विशेष झांकी सजाकर भोग लगाया एवं महाआरती करके प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश चैनपुरा, मंदिर अध्यक्ष रमेश मित्रपुरा, राधेश्याम बांसडा, शशिकांत, कैलाश,घनश्याम, प्रहलाद, शंकरलाल, सुरेश सिरोही, शिवजीराम, लल्लूराम, हनुमान, सुरेश खारीकुई, मदनलाल, पंडित रमेश शर्मा, गोपाल, रामप्रसाद, प्रशांत, शंभू व मनीष बहकवा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

भरतपुर शहर का भ्रमण, सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया

भरतपुर। दीपावली खुशियों, उल्लास एवं रोशनी का पर्व है। इस पावन अवसर पर जहां हर व्यक्ति अपने परिवार के साथ त्योहार की खुशियां मना रहा होता है, वहीं आमजन की सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस के जवान अपने परिवारों से दूर रहकर पूरी मुस्तैदी एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। पुलिस जवानों के इसी समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा को सम्मान देने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार मीना, एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र कुमार यादव, ने पुलिस अधिकारियों के साथ दीपावली पर्व पर शहर का भ्रमण किया तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शहर के प्रमुख बाजारों एवं चौराहों पर तैनात पुलिस जवानों से मुलाकात की। साथ ही शहर में गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों के बीच पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया। जिला पुलिस अधीक्षक एवं अतरिक्त पुलिस अधीक्षक ने पुलिस जवानों को मिठाई खिलाकर दीपावली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनकी कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा की सराहना की। जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहार की असली खुशियां तभी सार्थक हैं, जब प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करे। दीपावली जैसे विशेष अवसरों पर पुलिस जवानों का अपने परिवार से दूर रहकर आमजन की सुरक्षा के लिए तैनात रहना उनकी कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवा भावना का परिचायक है।